SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

₹ 10,000/- का वांछित इनामिया अपराधी गिरफ्तार, चोरी से संबंधित माल व अवैध शस्त्र बरामद

दिनांक:-08.11.2026

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती व अन्य जघन्य अपराध में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर श्री अभिषेक कुमार के निर्देशन में थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधी पप्पू पुत्र सुन्दर नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर को वहद ग्राम पकरियापुरवा बाग के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मौके से एक अदद देशी कट्टा 12 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व चार जोड़ी पैर का बिछुआ बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त पप्पू पुत्र सुन्दर नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर थाना तंबौर क्षेत्र में दो चोरी की घटनाओं में पंजीकृत अभियोग में करीब 04 माह से वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10,000/-रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, इसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट/चोरी/नकबजनी/अवैध शराब व अवैध शस्त्र, मारपीट जैसे अपराधों में करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराध/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

अभियुक्त का नाम/पता: पप्पू पुत्र सुन्दर नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर

पंजीकृत अभियोग-

- **मु0अ0सं0 197/2026** धारा 305(A)/317(2) BNS थाना तंबौर सीतापुर
- **मु0अ0सं0 220/2026** धारा 305(A)/331(4)/317(2) BNS थाना तंबौर सीतापुर

- **मु0अ0सं0 382/2026** धारा 25(1B) आर्म्स एक्ट थाना तंबौर सीतापुर

बरामदगी- एक अदद देशी कट्टा 12 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व चार जोड़ी पैर का बिछुआ

पुलिस टीम – उ0नि0 श्रीनिवास पाण्डेय, उ0नि0 शीतला प्रसाद यादव, हे0का0 अविनाश, का0 दिनेश

आपराधिक इतिहास -

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	197/26	305(a)/317(2) BNS	थाना तम्बौर	सीतापुर
2	220/26	305(a)/317(2) BNS	थाना तम्बौर	सीतापुर
3	69/24	4/25 A.ACT	थाना रेउसा	सीतापुर
4	132/11	110 IPC	थाना रेउसा	सीतापुर
5	560/09	394, 395, 412 भादवि व 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट	थाना रेउसा	सीतापुर
6.	382/26	25(1B) आर्म्स एक्ट	थाना तम्बौर	सीतापुर


थाना-तम्बौर ,जनपद-सीतापुर